सुविचार
यकीन तो सबको
झूठ पर होता है
सच तो अक्सर
साबित करना
पड़ता है..!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 9, अंक-1 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 9 फरवरी 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## बलात्कार के उद्देश्य से हमला करने वाले व्यक्ति की अगर मृत्यु कर दे तो आरोपी को सजा होगी या नहीं जानिए ....

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 100 का नियम क्रमांक 03 कहता है कि बलात्कार करने के उद्देश्य से अगर कोई व्यक्ति हमला कर देता है तब प्रतिरक्षा करने वाला व्यक्ति उसकी मृत्यु कर दे तब यह अपराध क्षमा योग्य होगा जानिए इससे संबंधित महत्वपूर्ण जजमेंट



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

1. मोहम्मद शमी बनाम सम्राट राज्य मामले में यह विनिश्चय किया गया कि यदि मृतक ने आरोपी की पत्नी के साथ बलात्कार के लिए उस पर हमला किया हो और आरोपी ने अपनी पत्नी के शरीर की रक्षा करने के लिए हमलावर की मृत्यु कर दी तो उसे धारा 100 के अंतर्गत प्राइवेट प्रतिरक्षा का बचाव उपलब्ध होगा।

उपरोक्त मामले के संबंध में एक और महत्वपूर्ण जजमेंट जानिए

2. प्रकाश चंद्र बनाम राजस्थान राज्य में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसी व्यक्ति की पत्नी के साथ अगर कोई व्यक्ति ज़बर्दस्ती यौन संबंध स्थापित कर रहा है तब उसके पति को निजी प्रतिरक्षा का अधिकार प्राप्त होगा अर्थात वह आक्रमण करने वाले की मृत्यु तक कर सकता है । उपरोक्त निर्णय द्वारा स्पष्ट होता है कि अगर कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ जबरदस्ती बलात्कार करने की कोशिश करता तब उस महिला को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है।

## आरोपी को जानबूझकर गिरफ्तार नहीं करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी जानिए/legal advice....

कोई व्यक्ति किसी अपराध को करता है, और अपराध संज्ञेय श्रेणी में आता है तब पुलिस अधिकारी का कर्तव्य होता है की वह तुरंत आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार करे एवं उसे कस्टडी में ले लेकिन बहुत से पुलिस अधिकारी येसा नहीं करते है और कुछ पैसों के लालच में गिरफ्तारी करने को लोप कर देते हैं अर्थात जानबूझकर कर आरोपी को गिरफ्तार नहीं करता है तब उसके खिलाफ क्या कार्रवाई होगी जानिए-



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 221 की परिभाषा:** जो कोई लोक सेवक जिससे किसी आरोपी व्यक्ति को या किसी अन्य व्यक्ति को पकड़ने का दायित्व दिया गया है और वह वैध रूप से पकड़ने के लिए हकदार है वह उसे जानबूझकर गिरफ्तार नहीं करता है या गिरफ्तारी का लोप करता है तब वह लोक सेवक भारतीय दण्ड संहिता की धारा 221 के अंतर्गत दोषी होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 221 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान:** इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं असंज्ञेय दोनों प्रकार के हो सकते हैं यह जमानतीय अपराध हैं इनकी सुनवाई प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है

**सजा-** इस धारा के अपराध की सजा को निम्न भागों में बांटा गया है- **1.** मृत्यु दण्ड से दण्डित आरोपी व्यक्ति की गिरफ्तारी न करने पर- अधिकतम सात वर्ष की कारावास या जुर्माना से दण्डित होगा। **2.** आजीवन कारावास से लेकर दस वर्ष की कारावास तक के दण्डित व्यक्ति की गिरफ्तारी न करने पर- अधिकतम तीन वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। **3.** दस वर्ष से कम अपराध की सजा से दण्डित आरोपी की गिरफ्तारी न करने पर अधिकतम दो वर्ष की कारावास या जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने किया आरडी गार्डी अस्पताल में उज्जैन कैंसर सेंटर का लोकार्पण

### विश्वस्तरीय उपचार सुविधाएं मिलेंगी




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उज्जैन के आरडी गार्डी अस्पताल में स्थापित उज्जैन कैंसर सेंटर का लोकार्पण किया। उज्जैन कैंसर सेंटर में कैंसर का अत्याधुनिक तकनीक एवं मशीनों से इलाज किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने उज्जैन कैंसर सेंटर का भ्रमण कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से चर्चा की। कैंसर सेंटर में डिजिटल रेडियो थैरेपी, मेडिकल अन्कोलॉजी, सर्जिकल अन्कोलॉजी एवं अत्याधुनिक पैथालॉजी की सुविधा मिलेगी। स्तन कैंसर, गर्भाशय का कैंसर का बेक्री थैरेपी से इलाज किया जायेगा। अस्पताल में मेडिकल अन्कोलॉजी रेडिएशन, गाइनी, न्यूरो, पेड्रियाटिक, अन्कोलॉजी की विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी । मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन संभाग का पहला प्रायवेट आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन में स्थित है। स्व.बाबूलाल जैन एवं डॉ.विजय कुमार महाडिग के अथक प्रयासों से यह अस्पताल बना है। यह पूरे क्षेत्र एवं प्रदेश का गौरव है। पूरे देश में आरडी गार्डी अस्पताल ने एक साख बनाई है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभागों को एक कर दिया गया है। शिक्षा एवं उच्च शिक्षा को भी एक किया गया है। यह तय किया गया है कि नर्सिंग एवं पैरामेडिकल का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को नजदीक के कॉलेज में ही परीक्षा देनी पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के फूड एवं सेफ्टी के नियमों का पूरा ध्यान रखते हुए गया है खुले में मांस एवं मछली की बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विश्व में प्रथम स्थान पर है।

## आईटी एक्ट के उल्लंघन पर सेवा प्रदाताओं और बैंक पर की गई कार्यवाही

भोपाल। सूचना प्रौद्योगिकी के निर्धारित मापदण्डों के उल्लंघन, दुरुपयोग को रोकने और नागरिकों के हितों के संरक्षण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 में कई प्रावधान हैं। अधिनियम की धारा-43 एवं 43 के उल्लंघन पर बैंक, दूरसंचार नेटवर्क प्रदाता को दोषी पाने पर प्रभावित व्यक्ति को हुई क्षति की पूर्ति कराने के प्रावधान हैं। उप सचिव विज्ञान और प्रोद्योगिकी श्री आदित्य सिंह ने बताया है कि अधिनियम के तहत अब तक न्याय निर्णयन प्राधिकारी ने पंजीकृत 46 याचिकाओं में से 36 याचिकाएँ निराकृत की हैं। पंजीकृत प्रकरणों और याचिकाओं में रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया एवं दूरसंचार विभाग की गाइडलाईन के उल्लंघन से याचिकाकर्ताओं को हुई क्षति के लिए दोषी पाये जाने पर संबंधित सेवा प्रदाता से क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 46 के तहत कराई जाती है। अधिनियम के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव, न्यायनिर्णयन प्राधिकारी हैं। उन्हें अधिनियम के तहत क्षतिपूर्ति कराने की शक्तियाँ प्राप्त हैं। न्याय निर्णयन प्राधिकारी द्वारा आईटी एक्ट के प्रावधान अनुसार उल्लंघन पर दोषी बैंक और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं पर कार्यवाही कर नागरिकों के हितों का संरक्षण किया जा रहा है। प्रभावित नागरिक की याचिका पर दूरसंचार सेवा प्रदाता को दिशा-निर्देशों का पालन न कर मोबाईल सिम जारी करने के लिए दोषी पाये जाने पर याचिकाकर्ता को वास्तविक हानि की 75 प्रतिशत राशि 31 लाख 52 हज़ार 250 रुपये तथा संबंधित बैंक को दोषी पाये जाने पर क्षति की 25 प्रतिशत राशि 10 लाख 50 हज़ार 750 रुपये की क्षतिपूर्ति का आदेश किया गया।

## आकांक्षी जिलों में लगेंगे कैरियर काउंसलिंग, कौशल एवं रोजगार मेला



भोपाल। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने बताया है कि प्रदेश के आकांक्षी जिलों की शासकीय आईटीआई में एक सप्ताह की कैरियर काउंसलिंग, कौशल एवं रोजगार मेले लगाए जायेंगे। इसमें सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग भी हितग्राहियों को दी जायेगी। इसके लिये आंकाक्षी जिलों बड़वानी, छतरपुर, दमोह, गुना, खण्डवा, सिंगरौली और विदिशा को 7-7 लाख रूपये एवं राजगढ़ को 12 लाख रूपये आवंटित किये गये है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड श्री सोमेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि कैरियर काउंसलिंग पूरे सप्ताह होगी। महिला विशेष रोजगार मेला एक दिन और मेगा रोजगार मेला एक या दो दिवसीय लगाये जा सकते हैं।

# निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करें : जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट

### जल संसाधन मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक



भोपाल। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि विभागीय सिंचाई परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे प्रदेशवासियों को इन परियोजनाओं का लाभ मिल सके। मंत्री श्री सिलावट आज मंत्रालय में संकल्प 2023 से संबंधित सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता श्री शिशिर कुशवाहा, मुख्य अभियंता, बोधी श्री जीपी सोनी, मुख्य अभियंता रीवा, जे एस कुसरे, मुख्य अभियंता, इंदौर श्री पीके वर्मा उपस्थित थे। संकल्प 2023 के अंतर्गत जलसंसाधन विभाग की पन्ना जिले में रूंज एवं मझगांव मध्यम सिंचाई परियोजना, ग्वालियर एवं चंबल में माधवराव सिंचाई परियोजना, छिंदवाड़ा जिले की पेंच डायवर्सन परियोजना, शिवपुरी जिले की चेंटीखेड़ा सिंचाई परियोजना तथा सतना एवं रीवा जिले की बहोती नहर परियोजना सम्मिलित की गई हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से प्रदेश में 438777 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा विकसित होगी। मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए की विभाग द्वारा निर्मित तालाबों को चिन्हित कर उनके सुदृणीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाए।



## वोकल फॉर लोकल के तहत खादी एवं हस्तशिल्प उत्पादों का व्यापक स्तर पर करें मार्केटिंग- राज्यमंत्री श्री जायसवाल

**भोपाल।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। इन ग्रामीण उद्योगों से ही गांव के छोटे कारीगरों की आजीविका चलती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूत होने से ही देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है और इसीलिए यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हर हाथ को काम के सपने को पूरा करने वाला विभाग है। इस सपने को साकार करने के लिये विभाग के सभी अधिकारी वोकल फॉर लोकल के तहत खादी, हथकरघा, हस्तशिल्प, मिट्टी, बर्तन, बांसकला व अन्य ग्रामीण उत्पादों की व्यापक स्तर पर मार्केटिंग करें, जिससे इन उत्पादों की मांग बढ़े। मांग बढ़ने से बिक्री बढेगी जिसका सीधा लाभ कारीगरों को मिलेगा। मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुये कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने आज यह निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव, कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री मनु श्रीवास्तव, सचिव श्री ललित दाहिमा, आयुक्त रेशम श्री मदन नागरगोजे, प्रबन्ध संचालक, हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम, प्रबन्ध संचालक, मप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा आयुक्त हस्तशिल्प एवं हथकरघा श्री मोहित बुंदस, उप सचिव श्री जीएस आर्य सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# हरदा जिले में अवैध पटाखा फेक्ट्री में आग

## कई लोगो की मौत,बड़ी सँख्या में लोग घायल, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री ने जताया दुख

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

मध्यप्रदेश के हरदा जिले में बिना लाइसेंस के संचालित एक अवैध पटाखा फैक्ट्री आग की भेंट चढ़ गयी। आग लगने के बाद विस्फोटों के साथ कई भीषण धमाके हुए जिससे आसपास के इलाकों में रहने वाले सैंकड़ो लोग दहशत में आ गए। इस भीषण दुर्घटना कि चपेट में आने से कई लोगों के गंभीर घायल तथा कई की मृत्यु होने के समाचार हैं। घटना में कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रधानमंत्री ने इस दुर्घटना पर दुख जताया उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा है कि घटना में मृतक के परिवार को दो लाख रुपये तथा घायलों को पचास हजार रुपये प्रधानमंत्री राहत कोश से देने की घोषणा की। वहीं भोपाल में हरदा की हृदयविदारक घटना के दृष्टिगत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने तत्काल बैठक कर अधिकारियों को राहत कार्यों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों को जारी किए। तथा कहा कि घटनास्थल पर जाकर तत्काल सहायता प्रदान की जाए। इंदौर, भोपाल से फायर ब्रिगेड की दमकलों को आग पर काबू पाने भेजा गया। घायलों को भोपाल तथा इंदौर के मेडिकल कालेजों और एम्स भोपाल में बर्न यूनिट को आवश्यक तैयारी करने को कहा गया । लगातार हुए धमाकों से आसमान पर आग और धुँआ दूर तक दिखाई दे रहे थे । पटाखे फेक्ट्री में कई मजदूर काम करते हैं। तथा अवैध रूप से हजारों क्विंटल बारुद रखा गया था। मंगलवार को हुई इस भीषण दुर्घटना के सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आये । जिनमें धमाके होते हुए तथा दहशत से लोग जान बचाकर भागते दिखाई दे रहे हैं।



# एडीएम एवं अन्य अधिकारियों ने की जनसुनवाई,आवेदकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया



भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

भोपाल के कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में मंगलवार को एडीएम, डिप्टी कलेक्टर , संयुक्त कलेक्टर ने जन सुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व से संबंधित नामांतरण, बंटवारा के 8 आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही संबंधित को निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आये नागरिकों से लगभग 123 आवेदन प्राप्त हुए।एडीएम ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने न केवल मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# भोपाल पुलिस आयुक्त ने विधानसभा भवन के आसपास के क्षेत्रों में 7 से 19 फरवरी तक लगाई धारा 144

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

पुलिस आयुक्त, भोपाल हरिनारायणचारी मिश्रा ने मध्यप्रदेश विधानसभा सत्र द्वितीय सत्र 7 फरवरी से 19 फरवरी 2024 के दौरान दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए विधानसभा भवन के आसपास के क्षेत्रों में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।




किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या इससे अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। इस प्रकार एकत्रित भीड़ गैर कानूनी भीड़ समझी जाएगी। कोई व्यक्ति किसी जुलूस,प्रदर्शन का न तो निर्देशन करेगा और न उसमें भाग लेगा और न ही कोई सभा आयोजित करेगा।कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शस्त्र, लाठी, डण्डा, भाला, पत्थर, चाकू, अन्य धारदार हथियार या आग्नेय शस्त्र साथ लेकर नहीं चलेगा। सत्रावधि के दौरान विधानसभा परिसर के 5 किलोमीटर की परिधि में भारी वाहन जैसे- ट्रक, ट्रेक्टर-ट्राली, डम्फर एवं धीमी गति वाले एवं यातायात बाधित करने वाले तांगा, बैल-गाड़ी इत्यादि के आवागमन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।कोई व्यक्ति ऐसा कोई कार्य नहीं करेगा जिसके फलस्वरूप शिक्षण संस्थाओं, होटल, दुकान, उद्योग एवं निजी अथवा सार्वजनिक सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न हो । यह आदेश ड्यूटी पर कार्यरत शासकीय कर्मचारियों,अधिकारियों पर लागू नहीं होगा।

# बाबा महाकाल से प्रार्थना है सभी घायल शीघ्र स्वस्थ्य हों ,मुख्यमंत्री ने हमीदिया अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना

भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार शाम भोपाल के शासकीय हमीदिया अस्पताल के इमरजेंसी विभाग और आईसीयू में हरदा की पटाखा फेक्ट्री में हुए हादसे में घायल हुए नागरिकों से भेंट कर उनका हाल-चाल जाना । मुख्यमंत्री डॉ यादव ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और चिकित्सा विशेषज्ञों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने घायलों से भेंट कर हालचाल लिया।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा हरदा में पटाखा फैक्ट्री में हुई घटना अत्यंत दुःखद है। घटना की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया । इसके अलावा मुख्यमंत्री ने घोषणा की हादसे में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। घायलों के निःशुल्क और समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति ने भी घटना पर दुख जताया है ।



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति ,निपुण भारत अभियान के अंतर्गत हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

**शिक्षा के आधार को सुदृढ़ करते नवाचार**

संवाददाता हेमंत शाक्य संपर्क 6263301848

सुल्तानपुर। सुशिक्षित समाज की संकल्पना को साकार करना है तो आधारभूत स्तर से शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ बनाना आवश्यक है । सब पढ़े ,सब बढ़े के भाव को साकार करते हुए निपुण भारत अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुल्तानपुर के शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया ।मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी हेमराज मीणा ,विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर रामानी, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य विनीत सिन्हा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्था के पूर्व प्रधानाचार्य पी एस विश्वकर्मा एवं समाचार पत्र युवा प्रदेश के संवाददाता हेमंत शाक्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों द्वारा सरस्वती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर की गई । तत्पश्चात विद्यालय की बालिकाओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । विद्यालय के नन्हें मुन्ने छात्र / छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए एवं छात्रा खुशी ,मधु, सयाली ,त्रिवेणी, गायत्री द्वारा मध्यप्रदेश के जिलों के नाम गीत के माध्यम से प्रस्तुत किए गए ।जिसकी उपस्थित जनसमूह द्वारा प्रशंसा की गई । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए किशोर रामानी द्वारा शिक्षक द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई , इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने को कहा गया । एवं संस्कारित शिक्षा प्राप्त करने की बात कही गई । जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल बन सके । उल्लेखनीय है कि शिक्षक सुशील शर्मा विगत तीन वर्षों से स्वयं के खर्चे से उक्त कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे है । शिक्षक का कहना है कि वार्षिकोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति का नवाचार है इसके अंतर्गत बच्चों की प्रतिभा को निखारा जाता है । एवं उनको प्रोत्साहित करने का अवसर मिलता है विभिन्न प्रकार के नवाचारों से बच्चों को सीखने सिखाने का कार्य करवाया जा रहा है जिससे बच्चे निपुणता को प्राप्त कर रहें है । सभी अभिभावकों से बच्चों को नियमित रुप से विद्यालय भेजने के लिए कहा गया जिससे बच्चों की पढ़ाई पूर्ण हो सके ।शिक्षक द्वारा संस्था के सभी छात्र /छात्राओं को पुरस्कार के रूप में लंचबॉक्स प्रदान किए गए एवं अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट किए गए ।इस अवसर पर बच्चों के माता, पिता समेत विद्यालय की शिक्षिका उमा भार्गव, प्रतिमा श्रीवास्तव समेत विद्यालय के छात्र / छात्राएँ उपस्थित रहे ।



# अतिथि शिक्षकों को 5माह से 6 माह का मानदेय भुगतान प्राप्त न होने के कारण विवश होकर निवेदन स्वरूप बी ओ कार्यालय में विकासखंड बाड़ी जिला रायसेन मप्र को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता हेमंत शाक्य

संपर्क 6263301848

आज दिनांक 07/02/2024को समस्त ब्लॉक अथिति शिक्षकों द्वारा विकासखंड जिला रायसेन में समस्त ब्लॉक अतिथि शिक्षकों ने एकत्रित होकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को अपने लंबित मानदेय एवं 2 सितंबर को हुई अतिथि शिक्षकों की महापंचायत की घोषणाओं के संदर्भ में ज्ञापन दिया । ज्ञापन में सर्वप्रथम 5 से 6 माह तक का लंबित वेतन न मिलने के कारण ओर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणाओं को पूर्ण कराने की बात की गई।इसके बाद महापंचायत की चार घोषणाओं के बारे में भी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया समस्त अतिथि शिक्षकों ने वेतन न मिलने के कारण अपनी दो समस्याएं और बताई। पदोन्नति एवं स्थानांतरण के कारण बाहर हुए अतिथि शिक्षक व शिक्षकों में बेरोजगारी की समस्या बताई ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दुर्गेश नामदेव बी ओ कार्यालय के मुख्याधिकारी है उन्होंने ज्ञापन लेते हुए कहा कि सभी अतिथि शिक्षकों को आश्वासन दिया जाता हैं कि आप सभी का वेतन का बजट जैसे ही आता है हम आपको यथाशीघ्र उपलब्ध कराएंगे। जिसमें दोनों वर्ग- प्राथमिक शिक्षा वर्ग 3 तथा माध्यमिक शिक्षा वर्ग 2 के अतिथि शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित रही , कई अतिथि शिक्षकों को शाला से कार्यमुक्त कर दिया गया क्योंकि उनके स्थान पर सरकारी शिक्षक की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। इस वजह से अतिथि शिक्षकों को अपने लिए सदैव भय बना रहता हैं। अतिथि शिक्षको ने विकासखंड स्तर पर बी ओ कार्यालय में अधिकारियों से निवदेन करने के पश्चात् अतिथि शिक्षकों ने कहा कि यदि यहां से समस्या का समाधान न हुआ तो जिले स्तर पर आवेदन कार्यशील रहेगा। अतिथि शिक्षकों की संख्या 60 से 70 के समकक्ष रहीं जिनमें हेमंत गोयल , हेमंत शाक्य ,विक्रम रघुवंशी, गोविंद सिंह राजपूत, राकेश धाकड़, हेमंत अहिरवार, युद्धवीर सिंह धाकड़, नीलेश पटेल, राजेंद्र राजपूत, संध्या व्यास , मीना अहिरवार, प्रियंका राजोरिया, बृजेश गौर ,आशीष नायर ,राजेश प्रजापति ,गणेश राम चौहान, विनय कुमार भार्गव ,राजकुमार व्यास, लता कुशवाहा ,निशा पूर्वी, रिंकू भार्गव, अनुज शर्मा, तरुण चौधरी ,शिवानी धाकड़ ,गीता छीपा ,पूजा शर्मा, बलजिंदर कौर वीर सिंह राठौड़, राजकुमार जाटव ,काशीराम अहिरवार कल्याण सिंह ठाकुर , ओर भी अन्य अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति रही।



# पूर्व मुख्यमंत्री का एक विशेष अभियान- महिला सशक्तिकरण, मेरा प्रण



**संवाददाता हेमंत शाक्य**
**संपर्क 6263301848**

माननीय पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने आज गांव चलो अभियान के तहत सीहोर जिले के ग्राम लाड़कुई में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में सहभागिता कर बहनों से चर्चा की। साथ ही विभिन्न योजनाओं की हितग्राही बहनों को हितलाभ वितरित कर शुभकामनाएं दीं।

# बुधनी में विद्या भारती का अद्भुत प्रकल्प



**संवाददाता हेमंत शाक्य**
**संपर्क 6263301848**

माननीय पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने आज बुधनी में विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के नवीन प्रकल्प सम्राट विक्रमादित्य सैनिक विद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री सुरेश सोनी जी, वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी, महर्षि उत्तम स्वामी जी, विद्या भारती के अखिल भारतीय सह-संगठन मंत्री श्री श्रीराम आरावकर जी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया के प्रबंध संचालक श्री आशीष कुमार चौहान जी एवं एनएचडीसी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री विजय कुमार सिन्हा जी सहित अन्य गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विद्या भारती के पदाधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश में शासकीय कर्मचारियों की सेवा वृद्धि नवीन युवा वर्ग के साथ एक छलावा

**संवाददाता हेमंत शाक्य**

6263301848

60 वर्ष से अधिक के कर्मचारी की निर्वाचन डियूटी नही लगाई जाती एक वेतन बढ़ाने में चार नए युवाओं को नोकरी दी जा सकती है मध्यप्रदेश पेन्शन फोरम के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र दुबे प्रदेश संयोजक मुरारी लाल सोनी ने जारी विज्ञप्ति में बताया हैं कि, 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति आयु समान करने हेतु सेवा वृद्धि 60 वर्ष से 62 वर्ष की गई थी,यहां पर शिक्षक संवर्ग की सेवा निवृत्ति पहले से ही 62 वर्ष थी। चूंकि 2018 चुनावी वर्ष था फिर भी तत्कालीन सरकार को इसका फायदा नहीं हुआ था। और सत्ता पक्ष विपक्षी दल बन कर रह गया था। अब एक बार फिर नवीन डॉ मोहन यादव सरकार शासकीय सेवको की सेवा निवृत्ति आयु में सेवा वृद्धि करने के लिए वल्लभ भवन में त्वरित गति से फाइल का मूवमेंट करा रही हैं। इसमें सभी की सेवा निवृति आयु 65 वर्ष करने की योजना पर विचार के साथ निर्णय करने की नीति पर कार्य हो रहा हैं। पूर्व से ही महाविद्यालय के प्राध्यापक संवर्ग,चिकित्सा पद्धति से जुड़े डॉ और उनका नर्सिंग स्टाफ के लिए सेवा निवृति आयु 65 वर्ष नियत हैं। महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक वैसे भी अपने अधीन रिसर्च स्कालर्स से क्लास इंगेज कराते हैं। चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सक अपने अनुभव से बीमारियों के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका में होते हैं। इसी तरह उनका नर्सिंग स्टाफ हैं जो जितना अनुभव प्राप्त करता है वह उतना कार्य करता हैं। शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं, जबकि अन्य पद पर आसीन व्यक्ति शिक्षा पर भी सिर्फ खाना पूर्ति ही करते हैं, शिक्षण के प्रति उनका उत्साह ख़त्म हो चुका होता हैं। ब्रिट्रिश सरकार के समय शासकीय सेवा



निवृत्ति आयु 55 वर्ष थी,फिर उसे 57 वर्ष किया गया, और अंत मे 60 वर्ष कर दिया गया, किन्तु यहां उत्तम गुणवत्ता की शिक्षा के साथ मानव की सामान्य औसत आयु 70 वर्ष के आंकड़े आने पर शिक्षकों की सेवा निवृत्ति आयु 62 वर्ष कर दी गई,जिसके समान अन्य कर्मचारियों को लाभ देंकर तत्कालीन मुख्यमंत्री जी ने 2018 में सबकी सेवा निवृति आयु सीमा 62 वर्ष कर दी थी।। अब नवीन सरकार इसमे समानता की बात कह कर 65 वर्ष करने जा रही हैं, जो कि नवीन पीढ़ी के साथ घोर अन्याय हैं, यदि आज सभी कर्मचारियों की सेवा वृद्धि कर 65 वर्ष की जाती है तो ओवर एज के कगार पर खड़े युवा शिक्षित बेरोजगार युवाओं के हाथ से शासकीय रोजगार के अवसर तीन वर्ष आगे निकल जाएंगे और उनका सरकारी नोकरी का सपना एक सपना ही बनकर रह जायेगा। यह निर्णय युवा बेरोजगारी का सामना कर रहे उन शिक्षित बेरोजगारों के लिए अवसर समाप्त करने वाला निर्णय होगा। वह योग्य होते हुए भी सरकारी नौकरी का सपना लेकर निजी क्षेत्र में आजीवन संघर्ष करते हुए अपना यह जीवन व्यर्थ गवां देंगे। सेवा वृद्धि मतलब युवा बेरोजगार युवकों के साथ छ्ल कपट कर उन्हें सदा ही बेरोजगार बनाये रखने की एक साजिश हैं।

मध्यप्रदेश कर्मचारी संवर्ग के पूर्व नेता ओर मध्यप्रदेश पेन्शन फोरम के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र दुबे, प्रदेश संयोजक मुरारी लाल सोनी ,के साथ पेन्शन फोरम संगठन के सत्येंद्र सिंह ,ओ पी तिवारी,कुलदीप तिवारी, विजय जैन,हरि विश्वकर्मा, बालमुकुंद दुबे,चंद्रशेखर सोनी ,राजेन्द्र कुमार सोनी,वी पी पाण्डे आदि सेवा निवृत्त कर्मचारी नेताओ ने मध्यप्रदेश सरकार से मांग की है कि सेवा वृद्धि कर नव बेरोजगारों के जीवन से खिलवाड़ न करते हुए सभी की सेवा निवृत्ति आयु 62 वर्ष नियत की जाए। उम्र के इस पड़ाव पर व्यक्ति की कार्य क्षमता का ह्रास होता हैं, अनावश्यक उनकी सेवा वृद्धि कर सरकार के खजाने पर आर्थिक बोझ लादा जा रहा है,वही युवा बेरोजगार युवकों के साथ अन्याय किया जा रहा हैं। मध्यप्रदेश पेंसन फोरम ने इस निर्णय युवा बेरोजगार युवकों के जीवन का ध्यान रखते हुए इस योजना का तीब्र विरोध किया हैं।। एक जगह सरकार रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध कराने की बात कर रही है,वही दूसरी जगह युवा बेरोजगारों के रोजगार के अवसर बन्द कर उनके साथ छ्लावा करने की योजना पर कार्य कर रही हैं। 62+के सभी कर्मचारी सिर्फ लाखो में वेतन लेकर समय व्यतीत करते हैं, जैसे कि उच्च शिक्षा में प्रोफेसर अपने रिसर्च स्कॉलर्स से क्लास इंगेज कराते हैं, तो अन्य विभाग के कर्मचारी अपना कार्य अपने से जूनियर के सिर थोप कर कार्य की खाना पूर्ति करते हैं। यदि सरकार के पास सेवा निवृति उपरान्त उनके स्वत्वों के भुगतान हेतु राशि नही है तो वह निर्धारित कर समान किश्तों में भुगतान किये जा सकते हैं। पर सेवा वृद्धि किसी भी दृष्टि से उचित नही हैं। आज चिकित्सक भी अपनी निजी प्रेक्टिस पर ज्यादा धयान देते है,अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में शिक्षण से उनका कोई नाता नही रहता हैं, वह निजी क्लिनिक में मरीज देखकर फीस लेकर सरकारी संस्थान में इलाज कर अप्रत्यक्ष रूप से सरकार को चुना लगाते हैं।। नर्सिंग स्टाफ भी शेष समय मे निजी अस्पतालों में कार्य करता हैं। ऐसी अनेको विसंगति हैं।। अतः सेवा व्रद्धि किसी भी दृष्टिकोण से उचित नही हैं इसके सरकार को प्रतिकूल असर का सामना करना होगा।युवा वर्ग सरकार के विपरीत दिशा में कार्य करने बाध्य होगा।। इसलिए इस प्रस्ताव की फाइल को तत्काल ठंडे बस्ते में बांधकर 5 साल के लिए जमीदोंज करना सरकार के हित में होगा।। अन्यथा युवाओं का विरोध झेलने के लिए तैयार रहना होगा। अभी सरकार को युवाओं का भरपूर साथ मिला है,फिर लोकसभा में भरपूर विरोध भी सामने आएगा।

# अतिथि शिक्षक वर्ग माध्यमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

**संवाददाता हेमंत शाक्य**
**संपर्क 6263301848**

सेवाकाल प्रशिक्षण 05फरवरी2024 से 09फरवरी 2024 तक ब्लॉक बाड़ी जिला रायसेन माध्यमिक शिक्षकों के व्यवसाय के उन्नयन हेतु और साथ में जनरल पेडागोजी जो है आप समझ रहे हैं कि शिक्षण विधि जो है ,वह किस तरह की उसे बच्चों की सक्रियता हमें कैसे बढ़ानी है इसके ऊपर 8 क्रियाकलाप हैं।आर्ट टेक्निक्स पर इस प्रशिक्षण के दौरान सभी की सजा समझ बनाई जाएगी और अंततः उद्देश्य यही है कि कक्षा में बच्चों को हमें शिक्षकों को जो है सक्रिय करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति NEP 2020 जनरल पेडागॉजी कक्षा में बच्चों को सक्रिय करने के लिए यह प्रशिक्षण रखा गया हैं। अतिथि शिक्षक वर्ग माध्यमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ बाड़ी-जनपद शिक्षा बाड़ी में अतिथि शिक्षकों का प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ जिसमें विकासखंड बाड़ी के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापन कराने वाले प्रत्येक शिक्षक वर्ग तथा कार्यरत शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है सरकार द्वारा चलाई




जा रही राष्ट्रीय सुरक्षा नीति 2020 के अंतर्गत यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें शिक्षकों के पढ़ने-पढ़ाने का तरीका विद्यार्थियों के प्रति व्यवहार सामंजस्यता और विकास हेतु रूपरेखा में सक्रियता को बढ़ाने हेतु यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे प्रत्येक शिक्षक वर्ग का सर्वांगीण विकास हों सके। संपूर्ण 50-60अतिथि शिक्षकों की संख्या अनुमानित की गाई है । प्रथम कक्ष समूह 1में 45 अतिथि शिक्षकों के ग्रुप समूह में प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक दीपक कुशवाह सर और चंदन रजक सर प्रथम सत्र के प्रारंभ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का परिचय और शिक्षकों का परिचय कराया गया उसके पश्चात कुछ क्रियाकलाप होने के पश्चात जनपद शिक्षा केंद्र के मुख्य अधिकारी क्रूष्ट सर ऋष्ट राजपूत सर द्वारा बहुत ही सुंदर उद्बोधन अतिथि शिक्षकों के हित में दिया और कहा कि रूपरेखा बना कर दैनिक जीवन के आधार पर विद्यार्थियों को पढ़ाया जाए और उनका सर्वांगीण विकास किया जाए उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये जिससे अतिथियों को बेहद प्रसन्नता हुई तत्पश्चात द्वितीय और तृतीय सत्र में गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा में सुधार करने के प्रमुख आयाम भी सिखाए गए। पहले दिवस पर पहली तकनीक हुक विषय पर साझा समझ विकसित की गई। दूसरे दिवस में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हेमंत शाक्य अ.शिक्षक द्वारा सरस्वती वंदना और प्रेरणा गीत गा कर की गई उसके उपरांत आगें कार्यक्रम को बढ़ाया गया सकारात्मक ऊर्जा और प्रभाव और विद्यार्थियों में रचनात्मक और रुचिकर तथ्यों पर विशेष चर्चा होगी।

## प्रणाम साथियों ...

जैसा कि हम जानते है कि शिक्षा से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास हो सकता है! हमारे देश प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी रहा हे,तथा विश्व गुरु रहा हे !शिक्षा के क्षेत्र में हमारे देश की सरकारे हमेशा से ही संवेदनशील रही हे!

# 10 फरवरी को मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों का विशाल शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन






संवाददाता हल्केवीर

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र योजना प्रारंभ की गई थी। जिसमें मध्य प्रदेश के 52 जिलों के 313 ब्लॉकों से 30ड्ड 30 मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों का चयन किया गया था, चयन के बाद सभी फॉर्मेलिटी हुई थी जिससे वह लीगल हो।। यह योजना 2023 फरवरी से प्रारंभ की गई थी 2024 जनवरी को समाप्त हो गई है। अब क्योंकि पूरे मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों की तादाद 9000 से अधिक है इस इंटर्नशिप के माध्यम से उनको अपने कार्य को सफलता और अपने घर चलाने के लिए एक माध्यम मिल गया था। चुनाव से पहले तक जनता और सरकार की बीच मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने बहुत बढ़िया तालमेल मिलाया था और वह जनता के बीच घुल मिल लगाए थे आम जनता के बीच योजनाओं का क्रियान्वयन बहुत आसान हो गया था अब मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों की योजना जब समाप्त हो गई है तब उन्होंने भोपाल में सरकार से अपनी रोजगार की बात रखी रोजगार के साथ ही उनको अपने क्षेत्र में एक रोजगार की व्यवस्था रखनी चाहिए जिससे कि प्रदेश बेरोजगार प्रदेश ना कहलाए। अब क्योंकि यह नौ हजार जन सेवा मित्रों के रोजगार का सवाल नहीं है यह उन साढ़े नौ हजार परिवार जनों का भी सवाल है कि एक छोटी सी नौकरी जो मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मिली थी वह भी उसे छीन ली गई है तब वह भविष्य में क्या करेगा क्योंकि इसमें चयन के वक्त विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा था जिसमें ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन वाले युवा शामिल है अब क्योंकि पूरी मेहनत उन्होंने इस इंटर्नशिप में और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए करी। दूसरा कोई काम उनके पास नहीं बचा। इसीलिए मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र 10 से 15 दिन हो गए सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए भोपाल में मध्य प्रदेश के विभिन्न कौनो से और विभिन्न जिलों से नेता के इस दरवाजे से उसे दरवाजे तक जा रहे हैं लेकिन 10 फरवरी को जनसेवा मित्रों को कानूनी दस्तावेज का सहारा मिल गया है 10 फरवरी को 1 दिन के लिए वह विशाल धरना प्रदर्शन कर सकते हैं मांगों को किसी माध्यम से सरकार तक पहुंचा सकते हैं। जनसेवा मित्रों ने अपील की है कि सभी जन सेवा मित्र 10 फरवरी को सेंड जेवियर स्कूल के सामने जंबूरी मैदान पहुंचे।

## भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव के संबंध में




संवाददाता हेमंत शाक्य

6263301848

आज भोपाल स्थित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव के संबंध में आयोजित क्लस्टर प्रभारी एवं लोकसभा विस्तारकों की बैठक में सहभागिता की। बैठक में भारतीय जनता पार्टी  (BJP) के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सन्तोष लाल,राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, लोकसभा चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह, लोकसभा सह-चुनाव प्रभारी सतीश उपाध्याय, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा,प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानन्द शर्मा जी सहित क्लस्टर प्रभारी एवं लोकसभा विस्तारक उपस्थित रहे।

## सांची में आतिशबाजी की थोक दुकान अनियमितताएं मिलने पर सील की गई कलेक्टर श्री दुबे के निर्देश पर जिले में की जा रही है विस्फोटक




**रायसेन।** जिले में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार आतिशबाजी और विस्फोटक निर्माताओं, भंडारणकर्ताओं तथा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच एसडीएम तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सील करते हुए प्रोपराईटर के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को सांची में एसडीएम श्री मुकेश सिंह तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से आतिशबाजी विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। आतिशबाजी के थोक विक्रेता आशु  बिंदल के प्रतिष्ठान बिंदल फायर वर्क्स सांची की जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर प्रतिष्ठान को सील करने की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि हरदा जिले में विस्फोटक फैक्ट्री में हुई विस्फोट की घटना को संज्ञान में लेते हुए जिले में इस प्रकार की दुर्घटना ना हो, इसके लिए कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा जिले में विस्फोटक निर्माताओं, भंडारणकर्ताओं तथा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की सघन जांच की जा रही है।

## कोल्ड चेन हैंडलर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**विदिशा।** जिले के समस्त कोल्ड चेन पॉइंट पर कार्यरत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को लगाए जाने वाले टीकों का रख रखाव करने वाले कोल्ड चेन हैंडलर का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज गुरुवार को संपन्न हुआ। जिला स्तरीय कोल्ड चेन हैंडलर मॉड्यूल्स का बुधवार 7 फरवरी से विदिशा में आयोजित प्रशिक्षण के समापन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। समापन अवसर पर  मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी द्वारा समस्त कोल्ड चेन हैंडलर एवं लिंक पर्सन को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपनी सूझबूझ से कार्य करें, जीवन रक्षक टीके एवं उपकरण सुरक्षित रहे जिससे हितग्राहियों का सुरक्षित टीकाकरण किया जा सके। विदिशा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर डीके शर्मा तथा मास्टर ट्रेनर श्री बी एस दांगी, श्री राजेश  अहिरवार, श्री जीवन राम चंदेल, श्री हरिओम वर्मा एवं श्री नीरज शर्मा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है।

## राजनैतिक दलो की बैठक सम्पन्न

विदिशा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन उपरांत राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियो की बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए जारी अंतिम मतदाता सूची अनुसार जिले की पांचो विधानसभाओं की कुल मतदाता संख्या 1101568 मतदाता 1338 मतदान केन्द्रो पर मतो का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने मतदाता सूची अंतिम प्रकाशन के पूर्व फार्म 6, 7, 8 के तहत संपादित कार्यो की बिन्दुवार जानकारी दी। कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए रायसेन कलेक्टर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे वहीं सागर संसदीय क्षेत्र के लिए सागर कलेक्टर के द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के लिए जिले की पांचो विधानसभाओं में किए गए प्रबंधो का हू-ब-हू क्रियान्वयन लोकसभा निर्वाचन के दौरान किया जाएगा। उन्होंने सामग्री वितरण, स्ट्रांगरूम व मतगणना के कार्य स्थलों में भी कोई परिवर्तन नहीं किया गया है से भी अवगत कराया।

## हेल्थ एण्ड वेलनेस गतिविधि के तहत योग शिविर आयोजित



सीहोर। हेल्थ एण्ड वेलनेस गतिविधि के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गंज में करो योग, रहो निरोग के तहत योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में योग प्राणायाम, सूर्यनमस्कार कराकर यम, नियम, आसन, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि के बारे में जानकारी प्रदान की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि योग शिविर में आचार्य चंद्रदेव के द्वारा योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया । उन्होंने योग के बारे में बताया कि योग का रक्ताचाप, हृदय गति, परिवतर्नशीलता और बैरोफ?लेक्स संवेदनशीलता सहित कई अन्य बीमारियों पर सकारात्मक प्रभाव पडता है। नियमित योग से मानव तंत्रिका तंत्र को सुनियोजित संचालित करने में सहायता मिल सकती है। सांस पर पर नियंत्रण व्यक्ति के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन सब योगांगों का पालन किए बिना कोई भी व्यक्ति योगी नहीं बन सकता। इस अवसर पर सहायक कार्यकम प्रबंधक डॉ धर्मेन्द्र राणा, जिला मीडिया सलाहकार शैलेश कुमार, यूपीएचसी प्रभारी डॉ प्रज्ञा गुजराती सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे ।


# दिल्ली: कुपवाड़ा आतंकी मॉड्यूल का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

जम्मू,

आरोपी रियाज अहमद आतंकवादी आकाओं द्वारा नियंत्रण रेखा के पार से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ साजिश रचने में शामिल था।

दिल्ली पुलिस ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल के एक मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि उसे भागने की कोशिश करते समय चार फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिछले साल भारतीय सेना से रिटायर हुआ है।

एक बयान में पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस थाना नई दिल्ली



रेलवे स्टेशन ने एक प्रमुख साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान रियाज अहमद के रूप में हुई है। वह आतंकवादी आकाओं द्वारा नियंत्रण रेखा के पार से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ साजिश रचने में शामिल था। चार फरवरी को जम्मू-कश्मीर में जांच एजेंसियों से एक विशेष जानकारी प्राप्त हुई कि करनाह का रियाज अहमद राथर हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। इसमें आगे बताया गया कि सूचना थी कि रियाज अहमद फरार है और तड़के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए, एक टीम का गठन किया गया और तुरंत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सभी प्रवेश, निकास और रणनीतिक बिंदुओं पर उसे तैनात किया गया। जब आरोपी सुबह के समय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के निकास गेट नंबर 1 से भागने की कोशिश कर रहा था तो सतर्क कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई की और भीड़ में रियाज अहमद की पहचान कर उसे पकड़ लिया।

# स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

**जांच**

- **ब्लाक हेल्थ ऑफिसर के मौजूद नहीं होने पर लगाई जमकर फटकार**

कांकेर,

कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र के ब्लाक हेल्थ ऑफिसर के मौजूद नहीं होने पर उनके आवास पर पहुंच गए। जहां उन्होंने उनको जमकर फटकार लगाई।

कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह भानुप्रतापपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लाक हेल्थ ऑफिसर अनुपस्थित थे। कलेक्टर को पता चला की बीएमओ सरकारी आवास में हैं। फिर क्या था। कांकेर



कलेक्टर बीएमओ के आवास पर पहुंच गए और वहीं उनकी क्लास लगा डाली। गौरतलब हो कि कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में बीएमओ डॉ. अखिलेश ध्रुव के नहीं होने से कांकेर कलेक्टर डॉक्टर के आवास पर पहुंच गए। जहां उन्होंने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कहा और वहीं 50 लाख की एम्बुलेंस को 3 साल से धूल खाते देकर नाराजगी जताई।

कलेक्टर अभिजीत सिंह 10:30 बजें हॉस्पिटल पंहुचे हॉस्पिटल में बीएमओ उपस्थित नहीं होने के कारण उनके निवास पंहुचे और ड्यूटी टाइम में हॉस्पिटल में उपस्थित नहीं होने के कारण जमकर फटकार लगाई। हॉस्पिटल में चल रही अव्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कहा और धूल खा रही एम्बुलेंस को देख कर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बीएमओ अखिलेश ध्रुव से इस की जानकारी ली।

# जम्मू कश्मीर के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट

जम्मू,

अंतरिम बजट में 20,760 करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि की परिकल्पना की गई है। बीते साल 1,18,500 करोड़ का बजट पेश किया गया था। ऐसे में इस साल बजट में 228 करोड़ अधिक जोड़े गए हैं।

संसद में वित्त मंत्री द्वारा पेश अंतरिम बजट के अनुसार, वित्तीय वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय 38,566 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है, जो जीएसडीपी का 14.64 प्रतिशत है। अगले वित्त वर्ष के लिए राजस्व प्राप्तियां 97,861 करोड़ रुपये रहीं। 2019 में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों ने केंद्र शासित प्रदेश सरकार द्वारा




शासन संरचना को विकेंद्रीकृत करने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने, उच्च राजस्व सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ाने के लिए अग्रणी उपायों को सक्षम किया है।

सीतारमण ने कहा, रसरकार आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए पहलों को लागू करने के साथ-साथ सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून और व्यवस्था बनाए रख रही है। सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। सुरक्षा बल आतंकवाद से निपटने के लिए प्रभावी और निरंतर कार्रवाई कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि प्रभावी उपायों और प्रयासों के कारण जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य में काफी सुधार हुआ है। इससे पहले नई दिल्ली में मुख्य सचिव अटल डुल्लू और वित्त विभाग के प्रधान सचिव संतोष डी वैद्य सहित जम्मू-कश्मीर के प्रमुख अधिकारी संसद में अंतरिम बजट प्रस्तुति के दौरान उपस्थित होने के लिए पहुंचे। इससे पहले एक फरवरी को केंद्रीय अंतरिम बजट ने विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर में संसाधन अंतर को पाटने के लिए 37,277.74 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।

# बिना लाइसेंस चल रहे उद्योगों पर होगी कार्रवाई

शिमला,

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के झाड़माजरी की परफ्यूम फैक्टरी में हुए भीषण अग्निकांड के बाद सरकार भी सतर्क हो गई है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि विभिन्न विभागों की टास्क फोर्स बनाकर बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण (बीबीएनडीए) में स्थापित उद्योगों का निरीक्षण करेगी।

उन्होंने उद्योगों के लाइसेंस की जांच करने और बिना लाइसेंस के चल रहे उद्योगों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए। जिन विभागों ने उद्योगों की जांच में लापरवाही बरती है, संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। बद्दी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व उद्योगपतियों के साथ सोमवार को हुई बैठक में मंत्री ने कहा कि टास्क फोर्स विभिन्न उद्योगों का निरीक्षण कर सुनिश्चित



करेगी कि डीजल, पेट्रोल, अल्कोहल और केमिकल का भंडारण क्षमता के अनुसार ही हो। अति ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण उत्पादन क्षेत्र में करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

साथ ही फोर्स यह भी जांच करेगी कि प्रत्येक उद्योग में आग से बचने के उपकरण और आपात स्थिति में बाहर निकलने के दरवाजे हों। टीम निरीक्षण के बाद इसकी रिपोर्ट सरकार को भेजेगी। रोजगार मंत्री ने श्रम एवं रोजगार विभाग को निर्देश दिए कि विभाग प्रत्येक उद्योग में कामगारों की सूची तैयार रखें। शुरुआती जांच में पाया गया कि कंपनी की लापरवाही से हादसा हुआ है। उसमें न तो फायर उपकरण थे और न ही बाहर निकलने के लिए दरवाजा। सभी उद्योगों से लिया जाएगा शपथ पत्रउन्होंने कहा कि सभी उद्योगों से शपथपत्र लिया जाएगा। इसमें वह स्व घोषणा (सेल्फ डिक्लेरेशन) करेंगे कि उनके उद्योग में आग से बचने के सभी उपकरण हैं। कच्चा माल कहां रखा जाएगा, 15 दिनों में यह शपथपत्र देना होगा। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे उद्योगों का पता लगाएं, जहां पर खतरनाक केमिकल उपयोग हो रहे हैं।

उन्होंने अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि एक माह के भीतर सभी उद्योगों का फायर ऑडिट किया जाए। यह सुनिश्चित बनाया जाए कि सभी उद्योगों में आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हों।

सभी उद्योगों में सुरक्षा की दृष्टि से चार निकासी द्वार और फोल्डेबल सीढ़ियां होनी चाहिए। उद्योगों में प्रत्येक माह में एक बार मॉक ड्रिल अवश्य की जाए।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सरकार के निर्देश पर पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की है और कंपनी के मालिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है।

**विस सत्र | नौ फरवरी को प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी पेश करेंगे बजट**

# छत्तीसगढ़ की छठी विधान सभा का दूसरा बजट सत्र शुरू

छत्तीसगढ़,

छत्तीसगढ़ की छठी विधानसभा का दूसरा बजट सत्र पांच फरवरी यानी सोमवार को शुरू हुआ। यह बजट सत्र एक मार्च तक चलेगा। इस सत्र में कुल 20 बैठकें होंगी। बजट में पहले की दिन की कार्यवाही 11:05 बजे राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू हुई थी। नौ फरवरी को प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करेंगे।

दूसरे बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के अभिभाषण के साथ हुई। सदन में विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने पहले बजट सत्र की कार्यवाही शुरू की। सबसे पहले सदन में राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने अभिभाषण दिया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की



उपलब्धियों को गिनवाया। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद बजट सत्र की कार्यवाही मंगलवार यानी छह फरवरी सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई है।

**आदिवासियों को मिलेंगी कई सुविधाएं**

राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के द्वारा पीवीटीजी अर्थात विशेष रूप से पिछड़े जनजातीय समूहों (बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर एवं अबूझमाड़िया) को मूलभूत सुविधाओं जैसे-पक्के आवास गृह, संपर्क सड़कें, छात्रावास का निर्माण, शुद्ध पेयजल, विद्युतीकरण, बहुउद्देशीय केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा वनधन केंद्रों का निर्माण, मोबाइल टॉवर की स्थापना, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल से परिपूर्ण करने के लिए मेरी सरकार कृत संकल्पित है। पीएम जनमन महाअभियान के अंतर्गत विशेष रूप से संरक्षित जनजातियों के स्वास्थ्य की जांच, उपचार एवं दवा वितरण हेतु 66 चलित चिकित्सा इकाई वाहनों का उपयोग किया जा रहा है।

**समृद्ध किसान-संपन्न प्रदेश की अवधारणा**

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि मेरी सरकार ने 'समृद्ध किसान-संपन्न प्रदेश' की अवधारणा पर तेजी से अमल करते हुए धान का बकाया बोनस तीन हजार 716 करोड़ रुपये की राशि अंतरित कर दी गई है।

**शिक्षा, संस्कृति और रोजगार पर किया जाएगा काम**

राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने कहा कि 'जनजाति उत्थान-प्रदेश का मान' ध्येय वाक्य अनुसूचित जनजाति के जीवन से जुड़े सभी पहलुओं पर मेरी सरकार की संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच को प्रकट करता है। बच्चों की शिक्षा से लेकर पूरे समुदाय की संस्कृति, स्वास्थ्य, आवश्यक अधोसंरचना, रोजगार, जीवन स्तर उन्नयन जैसे सभी विषयों पर तेजी से काम किया जाएगा। राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने कहा कि सुदृढ़ पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से गांवों में गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना के साथ ही आजीविका के नए साधन पहुंचाने के लिए मेरी सरकार संकल्पबद्ध है।

# मद्कूद्वीप में बनेगा खेल परिसर

## निखरेंगी प्रतिभाएं

रायपुर, । छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव रविवार को मुंगेली जिले के मद्कूद्वीप में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस दौरान साव ने कहा कि मद्कूद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। यहां पर जल्द ही खेल परिसर बनाया जाएगा ताकि यहां के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल से टीम वर्क और नेतृत्व की भावना बढ़ती है। जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। खेल से स्वस्थ शरीर एवं मस्तिष्क का विकास होता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की ओर से लगातार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

# पाकिस्तान में चुनाव से तीन दिन पहले आतंकी हमला

**दुखद**

- **10 सिपाहियों की मौत; 30 आतंकियों ने खैबर थाने में ग्रेनेड फेंके, पुलिस ने जवाबी फायरिंग की**

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दरबान शहर में सोमवार सुबह एक पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला हुआ है। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक, इसमें 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है और 6 घायल हुए हैं।

ये हमला चुनाव से 3 दिन पहले हुआ है। 8 फरवरी को यहां चुनाव है। फिलहाल हमले की जिम्मेदारी किसी आतंकी संगठन ने नहीं ली है।

पुलिस चीफ अख्तर हयात ने न्यूज एजेंसी AFP को बताया- 30 से ज्यादा आतंकियों ने सोमवार सुबह करीब 3 बजे दरबान शहर के पुलिस स्टेशन पर हमला किया। उन्होंने थाने को चारों तरफ से घेरा और ग्रेनेड फेंके। इसके बाद गोलीबारी शुरू कर दी। हमने भी जवाबी कार्रवाई की। ये करीब ढाई घंटे चली लेकिन आतंकी भाग निकले। उन्हें पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।



सोमवार सुबह बलूचिस्तान में इलेक्शन कमीशन के ऑफिस के बाहर भी धमाका हुआ था। पाकिस्तानी मीडिया ARY न्यूज के मुताबिक इलेक्शन कमिशन के गेट के बाहर बम फटा। धमाका किसने और क्यों किया, इस बारे में जानकारी नहीं मिली। जांच जारी है।

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले नेशनल और असेंबली इलेक्शन के पहले हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। जियो न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के दिनों में बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमले तेज हो गए हैं। बलूचिस्तान में बलोच लिबरेशन आर्मी और खैबर में पाकिस्तान तालिबान हमले कर रहे हैं।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सीनेट में कुछ दिन पहले 8 फरवरी को होने वाले इलेक्शन को टालने की मांग की गई थी। हालिया दिनों में आतंकी और हिंसा की बढ़ती घटनाएं किसी साजिश की तरफ इशारा कर रही हैं।

31 जनवरी को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के एक कैंडिडेट की हत्या कर दी गई। घटना खैबर पख्तूख्वा के बाजौर जिले की थी। मारे गए कैंडिडेट का नाम रेहान जेब खान था। रेहान को इमरान की पार्टी ने समर्थन दिया था और वो नेशनल असेंबली की सीट नंबर 8 से उम्मीदवार थे। हमलावर एक बाइक पर आए थे और फायरिंग के बाद फरार हो गए। 'जियो न्यूज' के मुताबिक- पुलिस को अब तक हमलावरों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला।

बलूचिस्तान की ताकतवर सियासी जमात अवामी नेशनल पार्टी के सीनियर लीडर जहूर अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

# तुर्की सीरिया के साथ सीधी बिना शर्त बातचीत चाहता है: विदेश मंत्री

अंकारा, एजेंसी

तुर्की शरणार्थियों की वापसी पर चर्चा के लिए सीरिया के साथ सीधी बातचीत करना चाहता है, लेकिन अगर कोई शर्त नहीं है तो सीरिया बातचीत के लिए तैयार नहीं है।



विदेश मंत्री हकन फिदान ने रविवार को यह जानकारी दी।

फ़िदान ने ए हैबर न्यूज़ चैनल को बताया, "दुर्भाग्य से, वे हमारे साथ आमने-सामने की बैठक के लिए तैयार नहीं हैं। हम क्या चाहते हैं? आतंकवाद के खिलाफ लड़ना और शरणार्थियों की वापसी में सहायता प्राप्त करना। दुर्भाग्य से, वे शर्तें निर्धारित कर रहे हैं, जो गलत दृष्टिकोण है।"

इजरायल -हमास बंधक सौदे के दृष्टिकोण के बारे में बोलते हुए, तुर्की राजनयिक ने कहा कि उन्हें "आने वाले दिनों में" स्पष्टता की उम्मीद है।

फिदान ने कहा कि फिलिस्तीनी समूह स्थायी युद्धविराम के बदले में 7 अक्टूबर को इजरायल में घुसपैठ के दौरान बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने के लिए तैयार था एक प्रस्ताव जिसे इजरायल ने बार-बार खारिज कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अंकारा दोनों पक्षों के संपर्क में है।

# कश्मीरियों को सपोर्ट करते रहेंगे: पाक

- **कश्मीर एकजुटता दिवस मनाते हुए राष्ट्रपति ने कहा, 76 सालों से कश्मीरी लोग संघर्ष कर रहे**

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान का कहना है कि वो कश्मीरियों को सपोर्ट करता रहेगा। दरअसल, आज पाकिस्तान में आज कश्मीर एकजुटता दिवस मनाया गया। इस दौरान केयरटेकर प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर ने कहा- पिछले 76 सालों में कई कश्मीरियों ने बलिदान दिया है। आज उन्हें श्रद्धांजलि देने का अवसर है। वहीं, राष्ट्रपति डॉक्टर आरिफ अल्वी ने कहा- कब्जे वाली घाटी के लोग 76 सालों से आजादी के अपने अधिकार को पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पाकिस्तान 1990 से हर साल 5 फरवरी को कश्मीर एकजुटता दिवस मना रहा है। इसके जरिए वह कथित तौर पर कश्मीर की आजादी के लिए लड़ रहे आतंकियों को क्रांतिकारी बताकर कश्मीर अलगाववाद आंदोलन का समर्थन करता है। इसकी शुरुआत के साल से ही एंटी-इंडिया ग्रुप्स और लोग इस दिन का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर में लोगों को अपना समर्थन करने और हिंसा को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए उन्हें अपने साथ जोड़ने में करते हैं।

सरकारी रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, राष्ट्रपति अल्वी ने कहा- UNSC के प्रस्तावों में प्रावधान है कि कश्मीर का समाधान UN के तहत कराए जाने वाले स्वतंत्र और निष्पक्ष जनमत संग्रह के माध्यम से लोगों की इच्छा के अनुसार किया जाएगा। लेकिन अफसोस की बात है कि कश्मीरी लोग इस अधिकार का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा- भारत ने कश्मीर पर अवैध कब्जा किया है। ये दुनिया में सबसे ज्यादा सैन्यीकृत क्षेत्रों में से एक है। यानी यहां सेना की मौजूदगी काफी ज्यादा है। कश्मीर के लोग डर के साये में जी रहे हैं।पाकिस्तान की केयरटेकर सरकार के विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने 31 जनवरी को कहा था- भारत ने जम्मू-कश्मीर पर अवैध तरह से कब्जा कर रखा है।

# पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए 26 करोड़ मतपत्रों के मुद्रण का काम पूरा

**ईसीपी प्रवक्ता बोले**

- **कुछ निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ मतपत्रों की पुनर्मुद्रण का काम भी समय पर पूरा कर लिया गया है...**

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने आम चुनावों के लिए 26 करोड़ मतपत्रों की छपाई का काम पूरा कर लिया है।

द न्यूज ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

ईसीपी के प्रवक्ता ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार कुछ निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ मतपत्रों की पुनर्मुद्रण का काम भी समय पर पूरा कर लिया गया है। अब देश भर में मतपत्रों को पहुंचाने की प्रक्रिया चल रही है, जो आज सोमवार तक पूरी हो जाएगी प्रवक्ता ने बताया कि 2018 के आम चुनाव में 22 करोड़ मतपत्र मुद्रित किए गए थे और उनकी छपाई के लिए 800 टन विशेष कागज का उपयोग किया गया था। वर्ष 2024 के आम चुनाव के लिए 26 करोड़ मतपत्र मुद्रित किए गए हैं जिसके लिए 2,170 टन कागज का उपयोग किया गया था। यह वृद्धि मुख्य रूप से निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों की संख्या में उछाल के कारण हुई, जो 2018 के चुनावों की तुलना में डेढ़ गुना अधिक है।

प्रवक्ता के अनुसार मुद्रण की प्रक्रिया के दौरान विभिन्न चरणों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिनमें अदालती मामले और बड़ी संख्या में उम्मीदवार शामिल थे, लेकिन सीमित समय और चुनौतियों के बावजूद, आयोग ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और मतपत्रों की छपाई समय पर पूरी की।

इस बीच शाहदादकोट के एक रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने चुनाव प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) - ईसीपी द्वारा तैयार एक परिणाम संकलन तंत्र के बारे में गंभीर सवाल उठाए। सिंध में नेशनल असेंबली के निर्वाचन क्षेत्र के आरओ ने जिला रिटर्निंग अधिकारी (डीआरओ) को लिखे अपने पत्र में शीर्ष चुनावी निकाय के चुनावी प्रबंधन तंत्र (ईएमएस) में कथित खामियों पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने मतदान कर्मचारियों के विवरण अपलोड करने के दौरान मतदान प्रबंधन प्रणाली में देखी गई त्रुटियों की सूचना डीआरओ को दी। आरओ ने दावा किया, 'मतदान कर्मचारियों के नाम ईएमएस पर अपलोड होने के बावजूद गायब हो गए।'

सॉफ्टवेयर की कार्यक्षमता पर चिंता व्यक्त करते हुए, अधिकारी ने कहा कि या तो संपूर्ण ईएमएस विफल हो गया है या इसे किसी और द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने मतदान प्राधिकरण और राष्ट्रीय डेटाबेस और पंजीकरण प्राधिकरण (नादरा) से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने की भी शिकायत की, जिनसे प्रश्नों के समाधान के लिए संपर्क किया गया था।

पत्र के मुताबिक, सॉफ्टवेयर चुनावी कार्यों को सुचारू रूप से करने के बजाय 'मुश्किलें पैदा' कर रहा था। आरओ ने चेतावनी दी कि ईएमएस में कथित खामियां निष्पक्ष और स्वतंत्र आम चुनाव के सुचारू संचालन में मुश्किलें पैदा करेंगी। हालांकि, पत्र के जवाब में, ईसीपी अधिकारियों ने आरओ की चिंताओं को खारिज कर दिया और उन्हें रिटर्निंग अधिकारी की आईटी अक्षमता और शरारती कृत्य करार दिया। उन्होंने उत्तर दिया "सभी आरओ ने कल एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान ईएमएस पर अपने फॉर्म सफलतापूर्वक अपलोड कर दिए थे। मुख्य सचिव और पाकिस्तान इंजीनियरिंग काउंसिल के अनुसार प्रशिक्षण सत्र के दौरान एक भी आरओ ने शिकायत नहीं की।

स्थिति को और स्पष्ट करते हुए, ईसीपी ने कहा कि मतदान कर्मचारियों का विवरण पहले ही ईएमएस पर अपलोड कर दिया गया था और कल के प्रशिक्षण सत्र के दौरान रिकॉर्ड फिर से अपलोड करने की कोई आवश्यकता नहीं है। आयोग ने कहा कि उसके पास रिजर्व में प्रशिक्षित आरओ हैं जिनकी सेवाएं आगामी चुनावों के दौरान हासिल की जा सकती हैं।

**हमास ने कहा** | **इजराइल से सहमति बनाने में बहुत वक्त लगेगा, नेतन्याहू बोले- हर डील कबूल नहीं....**

# इजराइल और हमास के बीच शीघ्र सीजफायर की उम्मीद नहीं

**नेतन्याहू उवाच**

- **मैं कई बार साफ कर चुका हूं और फिर कहता हूं कि इजराइल के लिए सिर्फ एक गोल या लक्ष्य है...**
- **हम हमास का खात्मा चाहते हैं और यही हमारे लिए आखिरी लाइन है...**

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल और हमास के बीच जल्द सीजफायर और होस्टेज डील की उम्मीदों पर हमास ने ही पानी फेर दिया। इस आतंकी संगठन के एक नेता ने कहा है कि दोनों पक्षों (इजराइल और हमास) के बीच सहमति बनाने में अभी बहुत वक्त लगेगा।

दूसरी तरफ, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के तेवर भी फिर सख्त नजर आने लगे हैं। उन्होंने कहा- इजराइल हर बात नहीं मान सकता और न ही हम हर डील के लिए तैयार हो सकते हैं।

पिछले हफ्ते इजराइल, अमेरिका, इजिप्ट और कतर ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में सीजफायर और होस्टेज डील के लिए लंबी बातचीत की थी। इसके बाद कई मीडिया हाउसेज ने खबर दी थी कि इजराइल और हमास जल्द सीजफायर का ऐलान कर सकते हैं। इस बातचीत में हमास का पक्ष कतर ने रखा था, क्योंकि हमास के कई बड़े नेता कतर में रहते हैं।

दूसरी तरफ, हमास ही अब इस डील को खारिज कर रहा है। उसके नेता ओसामा हमदान ने लेबनान में मीडिया से कहा- करीब चार महीने से जंग चल रही है। कई बार सीजफायर और होस्टेज डील अंजाम तक पहुंचती नजर आती है, लेकिन ऐन वक्त पर बातचीत टूट जाती है। इसकी वजह यह है कि दोनों पक्षों के बीच आपसी भरोसे की जबरदस्त कमी है।



हमदान ने आगे कहा- मैं ये भी नहीं कह सकता कि हम डील के बहुत करीब हैं। इसकी वजह यह है कि किसी भी मुद्दे पर दोनों पक्ष राजी नहीं हो सके हैं। कहीं न कहीं कोई कमी जरूर रह जाती है। इजराइल कह रहा है कि वो किसी भी कीमत पर मिलिट्री ऑपरेशन बंद नहीं करेगा। अगर सीजफायर हुआ भी तो इसके बाद जंग फिर शुरू हो जाएगी। हम चाहते हैं कि ये जंग अब पूरी तरह खत्म होनी चाहिए।

दूसरी तरफ, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी दोबारा सख्ती दिखाना शुरू कर दी है। एक मीटिंग के दौरान नेतन्याहू ने कहा- इजराइल हर डील के लिए तैयार नहीं हो सकता। हम किसी भी कीमत पर डील के लिए भी तैयार नहीं हो सकते। बतौर मुल्क इजराइल सिर्फ वही बात मान सकता है जो भविष्य में उसके हितों को नुकसान न पहुंचाए।

नेतन्याहू ने कहा- मैं कई बार साफ कर चुका हूं और फिर कहता हूं कि इजराइल के लिए सिर्फ एक गोल या लक्ष्य है। हम हमास का खात्मा चाहते हैं और यही हमारे लिए आखिरी लाइन है। हमारे एक और सैनिक ने जान गंवाई है। अब तक हमारे 225 सैनिक शहीद हो चुके हैं। मैं कैसे कहूं कि हम किसी भी कीमत पर जंग बंद करना चाहते हैं। आज हमास को आजाद छोड़ दिया गया तो वो फिर हमला करेगा। तब दुनिया क्या कहेगी।

# बाल धोते वक्त की गई ये गलती बना सकती है गंजा

बाल झड़ना तो जैसे हर इंसान की पहली परेशानी है। जिसे देखों बालों के झड़ने और सफेद होने की समस्या से परेशान है। बालों का झड़ना रोकने के लिए लोग न जाने कितनी तरह के शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करते हैं। एक से एक हेयरमास्क और बालों पर लगाने के लिए सीरम आपको मिल जाएंगे। हालांकि इनसे कई बार कुछ खास फर्क नहीं पड़ता है।



ऐसे में आपको ये समझना पड़ेगा कि गलती क्यों और कहां हो रही है। दरअसल बालों की सही देखभाल नहीं करने की वजह से बाल टूटने लगते हैं। अब बालों की सही देखभाल में तेल लगाना, बालों को शैंपू करना, बालों को सुखाना और कंघी करना समेत कई बातें शामिल होती हैं। कुछ लोग बालों के लिए महंगे प्रोडक्ट तो खरीद लेते हैं, लेकिन उन्हें ठीक से इस्तेमाल करना नहीं आता है। ऐसे में हेयरफॉल की समस्या और बढ़ जाती है।

आइये जानते हैं बालों को धोने यानि शैंपू करने में कौन सी गलतियां करने से बचना चाहिए।

बालों को ज्यादा न रगड़ें- कुछ लोगों को लगता है कि बालों को रगड़कर धोने से बाल ज्यादा साफ हो जाएंगे। ऐसा नहीं है। रगड़कर बाल धोने से बाल ज्यादा टूटते हैं। आपको हल्के हाथों से शैंपू को बालों में लगाना है और उन्हें बालों की लंबाई में लगाते हुए ही रब करना है। ज्यादा रगड़ने से बाल रफ हो जाते हैं।

शैंपू लगाने का तरीका- बालों पर शैंपू लगाने का तरीका भी ठीक होना चाहिए। अक्सर लोग शैंपू करते वक्त गलती कर बैठते हैं। कुछ लोग शैम्पू को सीधे ही बालों में डाल लेते है, जिससे बालों को नुकसान होने लगता है। सही तरीका है कि पहले शैम्पू अपने हाथ या किसी मग में डालें और फिर उसमें थोड़ा पानी मिक्स कर लें। अब इसे बालों पर लगा लें।

कंडीशनर को जड़ों में न लगाएं- शैंपू की तरह ही लोग कंडीशनर का इस्तेमाल करते हैं। जिससे स्कैल्प को नुकसान हो सकता है। कंडीशनर लगाने का सही तरीका है कि पहले गीले बालों को लंबाई की ओर सिर्फ बालों पर ही कंडीशनर अप्लाई करें। स्कैल्प पर कंडीशन नहीं लगाना है।

हफ्ते में सिर्फ 3 दिन शैंपू करें- कुछ लोग बहुत जल्दी-जल्दी या फिर हर रोज शैंपू करते हैं। ऐसा करना बालों के लिए ठीक नहीं है। आपको हफ्ते में सिर्फ 3 बार ही शैंपू करना चाहिए। शैंपू ज्यादा लगाने से बाल रूखे हो सकते हैं। कैमिकल प्रोडक्ट स्कैल्प से ऑयल को कम करने लगते हैं।

सही शैम्पू का इस्तेमाल करें- कई बार हमें जो शैंपू अच्छा लगता है वो हम खरीद लेते हैं। कुछ लोग एक दूसरे की सलाह से भी शैंपू खरीद लेते हैं। ऐसा करना गलत है। आपको अपने बालों के टाइप के हिसाब से ही शैंपू चुनना चाहिए। अगर बाल ऑयली हैं तो उसके हिसाब से शैंपू चुनें। अगर रूखे बाल हैं तो उसके हिसाब से शैंपू चुनें।

गरम पानी से बाल न धोएं- बालों को हीट काफी नुकसान पहुंचाती है। इसलिए बालों को गर्म पानी से नहीं धोना चाहिए। बालों पर गर्म पानी बुरा असर डालती है। इसलिए ज्यादा हीट वाले टूल्स का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। नॉर्मल पानी से बाल धोना अच्छा होता है।

# बढ़ती चर्बी बन गई है सिरदर्द

गलत खान-पान और आरामदायक लाइफस्टाइल कई समस्याओं की जड़ है। ऐसे में एक बड़ी समस्या वजन बढ़ना भी है। इसके चलते अक्सर लोग तनाव और गुस्से में रहते हैं। अलग-अलग तरीके अपनाकर भी कई बार फायदा नहीं मिलता ऐसे में इस आर्टिकल में हम आपके लिए वजन घटाने का एक नेचुरल तरीका लेकर आए हैं। आइए जानें इसके बारे में।

भागदौड़ भरी जिंदगी में वजन बढ़ना एक आम बात हो गई है। हर दूसरा शख्स इस समस्या से परेशान है। जिद्दी चर्बी, शरीर को थुलथुला बना देती है और रोजमर्रा के जीवन को भी मुश्किल बना देती है। ऐसे में हल्का बहुत चलने पर ही सांस फूलने लगती है। अगर आप भी इन दिक्कतों से परेशान हैं और एक्सरसाइज के लिए वक्त नहीं निकाल पाते हैं तो ये आर्टिकल आप ही के लिए है। यहां हम आपको चार ऐसे जूस के बारे में बताएंगे, जिन्हें पीकर आप भी अपना वजन कंट्रोल कर सकते हैं।

**टमाटर का जूस**

टमाटर का सब्जियों में तो इस्तेमाल सभी करते हैं, लेकिन बता दें अगर आप इसका जूस पीते हैं तो इससे सेहत को ढेरों फायदें मिलते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है। रोजाना इसके सेवन से वजन कम होने लगता है।

**अनार का जूस**

ये कहावत तो आपने सुनी ही होगी- 'एक अनार सौ बीमार'। क्या आपको मालूम है कि अनार में फाइबर, आयरन, जिंक और पोटेशियम होता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। ऐसे में अगर पेट पर चर्बी तेजी से बढ़ रही है तो इसे कम करने के लिए अनार के जूस का सेवन किया जा सकता है।

**गाजर का जूस**

गाजर का जूस भी वजन कम करने में कारगर है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन, फाइबर और स्टार्च पाया जाता है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने का काम करता है। पाचन संबंधी समस्याओं के लिए भी ये बेस्ट जूस है। इसे पीने से आप ज्यादा देर तक फुल रहते हैं, जिससे जल्दी जल्दी भूख नहीं लगती और वेट लॉस आसान हो जाता है।

**चुकंदर का जूस**


चुकंदर में पोषक तत्वों का खजाना होता है। इसके जूस के सेवन से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और पेट के आसपास जमी चर्बी से राहत पाने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद फाइबर भी बहुत देर तक भूख नहीं लगने देता है। ऐसे में ये आपके लिए एक बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है।



# बेहद खूबसूरत होगी कामाख्या मंदिर यात्रा!

असम का कामाख्या मंदिर सिर्फ भारत ही नहीं पूरी दुनिया फेमस है। यहां दुनियाभर से लोग अपनी मन की इच्छाओं की पूर्ति के लिए आते हैं। अब भारत और असम सरकार मिलकर इस मंदिर को और भव्य रूप दे रही है और यहां तक पहुंचने वाले रास्ते को और सुगम बना रही है।

इसके लिए पीएम मोदी ने कामाख्या मंदिर कॉरिडर का शिलान्यास किया है। इसके तरह इससे पूरे पूर्वोत्तर के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। यह पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार बन जाएगा। ऐसे में आज जानते हैं इस मंदिर कब, कहां और कैसे पहुंचें। साथ ही जानेंगे यहां की एंट्री के बारे में।



**कामाख्या मंदिर कहां है?**

कामाख्या मंदिर असम राज्य की राजधानी दिसपुर से मात्र 13 किलोमीटर दूर स्थित है। यह असम के कामरूप जिले के गुवाहाटी शहर में स्थित कामागिरी जिसे नीलांचल पर्वत कहते वहां स्थित है। माना जाता है कि यहां महादेव की पत्नी देवी सती का योनी भाग गिरा था।

इस शक्तिपीठ को तंत्रसाधना का प्रमुख स्थान माना जाता है।

लिटरेचर फेस्टिवल अटेंड करने पहुंचे हैं जयपुर तो घूम आएं वहां के ये राज महल, एक दिन में ही कर लेंगे सैर

**कामाख्या मंदिर कैसे जाएं?**

कामाख्या मंदिर जाने के लिए आपको गुवाहाटी एयरपोर्ट जाना होगा। इस एयरपोर्ट से मंदिर सिर्फ 20 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां के लिए नई दिल्ली से लगातार फ्लाइट मिलती रहती है।

यहां आपकर आप मंदिर जाने के लिए बस, ऑटी और टैक्सी पकड़ सकते हैं। आप ट्रेन से कामाख्या जंक्शन भी जा सकते हैं जहां से आप मंदिर जा सकते हैं। स्टेशन से मंदिर की दूरी मसज 7 किलोमीटर है।

**कामाख्या मंदिर जाने का सही समय**

कामाख्या मंदिर का कपाट हर महीने के 3 दिन बंद रहता है। हालांकि, साल में 22 से 26 जून तक कामाख्या देवी मंदिर में अंबूवाची मेला लगता है जो कि खास होता है। इस समय मां कामाख्या मासिक धर्म में रहती हैं। ध्यान देने वाली बात ये है कि यहां देवी की कोई मूर्ति नहीं है बल्कि कुंड है, जिसे हमेशा फूलों से ढककर रखा जाता है और लोग दूर-दूर से इसके दर्शन करने आते हैं।

**कामाख्या मंदिर की एंट्री फीस**

कामाख्या मंदिर की एंट्री फीस आम लोगो के लिए नहीं है। यहां सामान्य प्रवेश निःशुल्क है।

लेकिन, वीआईपी दर्शन 500/- रूपये खर्च करने पड़ते हैं तो वहीं फौज या डिफेंस के लोगों के लिए ये 50/-रूपये है। तो, अगर आप आजतक यहां कभी नहीं गए हैं तो आपको कामाख्या देवी मंदिर एक बाप जरूर जाना चाहिए।

# शार्क टैंक में झूठा दावा, Sony से मांगे 100 करोड़

**आपत्ति**

- **खुद को क्रिकेट बैट बनाने में नंबर 1 बताया, कश्मीरी कारोबारियों ने भेजा लीगल नोटिस**

श्रीनगर, एजेंसी

सोनी चैनल पर आने वाले रियलिटी शो शार्क टैंक इंडिया में कश्मीर से आए हमाद और साद ने अपनी कंपनी को कश्मीर विलो बैट बनाने में नंबर-1 ब्रांड बताया था। इस पर आपत्ति जताते हुए क्रिकेट बैट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर, यानी CBMAK ने 'सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन' और हमाद-साद की कंपनी 'ट्रैंबू स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को लीगल नोटिस भेजा है।

एसोसिएशन ने उनसे माफी मांगने या 100 करोड़ रुपए हर्जाना देने के लिए कहा है। सोनी पर शार्क टैंक इंडिया का ये एपिसोड 30 जनवरी को ब्रॉडकास्ट हुआ था।

CBMAK के प्रेसिडेंट फैयाज अहमद डार और वाइस प्रेसिडेंट एंड स्पोक्सपर्सन फवाजुल कबीर ने बताया कि शो के प्रतिभागियों ने कश्मीर क्रिकेट बैट मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के बारे में झूठे और गलत दावे किए। इस वजह से सोनी टीवी और पार्टिसिपेंट्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

CBMAK के प्रेसिडेंट फैयाज अहमद डार ने बताया कि 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन-3 के एपिसोड में 'ट्रैंबू स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को रिप्रेजेंट करते हुए हमाद ट्रैंबू और साद ट्रैंबू ने कश्मीर क्रिकेट बैट मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में अपनी कंपनी के लीडिंग होने का दावा किया है। उनका यह दावा बिल्कुल गलत है।

CBMAK घाटी में सभी क्रिकेट बैट मैन्युफैक्चरर्स की मान्यता प्राप्त बॉडी है। इसके मेंबर्स के बनाए बल्ले अलग पहचान रखते हैं और अपनी क्वालिटी के लिए जाने जाते हैं। इनका यूज कई स्टार क्रिकेटरों सहित लोकल, नेशनल और इंटरनेशनल मार्केट में फैले कस्टमर्स करते हैं।

रियलिटी शो के प्रतिभागियों ने कश्मीर क्रिकेट बैट मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में लीडिंग होने का दावा किया था। एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने इस दावे को झूठा बताते हुए चिंता जताई है। उन्होंने शो के जरिए कश्मीर विलो बैट्स के स्टॉकिस्ट और डीलरों के बजाय मैन्युफैक्चरर्स के रूप में गलत बयानबाजी की है।

प्रतिभागियों ने कश्मीर विलो को इंटरनेशनल क्रिकेट में ले जाने वाले पहले व्यक्ति होने का भी दावा किया, जो पूरी तरह से गलत है। इसके अलावा उन्होंने बैट बनाने की प्रोसेस को भी गलत बताया। CBMAK के मुख्य मेंबर्स में से एक 'M/s.GR8 स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड', कश्मीर का पहला और इकलौता इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल, यानी ICC से अप्रूव्ड ब्रांड है। इसके अलावा घाटी से अपने क्रिकेट बैट्स को इंटरनेशनल क्रिकेट में ले जाने वाला पहला ब्रांड भी है।

कंपनी ने लगातार तीन वर्ल्ड कप में दुनिया भर के क्रिकेटरों को कश्मीर विलो से बने बैट सप्लाई किए हैं। कश्मीर के कई और ब्रांड नेशनल और लोकल क्रिकेटरों को क्रिकेट बैट दे रहे हैं, जिनमें एएलएफए, एआर, एआरएस, एएस बीएस, बीएसआई, चैंपियन, डिसेंट, एफएलएस, फेमस, एफ2, जीएलएस, जीएचएस एचएस, जेके, केआईएस और एमवीएस शामिल हैं।

इनके अलावा एनएएस, एनडी, शाहीन, एसएलएस, VW और ZS जैसे ब्रांड्स हैं, जिन्हें पार्टिसिपेंट्स ने जानबूझकर शो में यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कश्मीर में उनके अलावा कोई अन्य ब्रांड नहीं है।

# खाद्य तेलों में टिकाव

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 32 रिंगिट चढ़कर 3820 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.08 सेंट की बढ़त के साथ 44.81 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10450-10550, अरहर दाल 11700-11800 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4150-4250, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4550-4650 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# सिंगापुर-ट्रिब्यूनल ने जी के खिलाफ सोनी की याचिका खारिज की

- **कहा-उसके पास जी को NCLT में जाने से रोकने का अधिकार नहीं**

नई दिल्ली, एजेंसी

सिंगापुर की आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल (SIAC) ने जी के खिलाफ सोनी की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में सोनी ने 10 अरब डॉलर की मर्जर डील को कैंसिल करने के बाद भारत में अदालती कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। सोनी ने कहा कि वह सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) के फैसले से हनिराशह है। ये अदालती कार्यवाही पुनित गोयनका के नेतृत्व वाली जी और मैड मेन फिल्म वेंचर्स ने शुरू की है। मैड मेन फिल्म वेंचर्स जी का शेयरधारक है।

इसमें नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल से मांग की गई है कि वो सोनी को विलय करने का निर्देश दें। दिसंबर 2021 में जी और सोनी ने मर्जर के लिए एग्रीमेंट साइन किया था। सोनी ने मर्जर खत्म करने के लिए जी को 22 जनवरी को डील कैंसिल करने का लेटर भेजा था।

सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर ने कहा कि उसके पास जी को NCLT में जाने से रोकने का कोई अधिकार क्षेत्र या अधिकार नहीं है क्योंकि विलय स्थानीय न्यायाधिकरण के दायरे में आता है। सिंगापुर में सोनी का आवेदन इमरजेंसी अर्बिट्रेशन प्रोसीजर के तहत दायर किया गया था। 2021 में जब एग्रीमेंट साइन किया गया था, तब यह तय हुआ था कि पुनीत गोयनका मर्जर के बाद बनी नई कंपनी को लीड करेंगे।

# डिजिटल मीडिया के भविष्य पर आज होगा मंथन

**जानकारी**

- **नीति निर्माता और मीडिया क्षेत्र के दिग्गज होंगे शामिल**
- **'डीएनपीए कॉन्क्लेव और अवार्ड 2024' का 6 को**

नई दिल्ली, एजेंसी

डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन के 'डीएनपीए कॉन्क्लेव और अवार्ड 2024' का 6 फरवरी को आयोजन होगा। नई दिल्ली के होटल शांगरी ला में आयोजित होने वाले इस अवॉर्ड कार्यक्रम में देश की कई जानी-मानी शख्सियतें शामिल होंगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच इस कॉन्क्लेव में डिजिटल मीडिया के भविष्य पर गहन मंथन किया जाएगा।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (MeitY) राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत भी इस कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे। 'तेजी से बदलती दुनिया में डिजिटल मीडिया की भावी राह कैसी हो?' इस विषय पर दिग्गज अपनी-अपनी बात रखेंगे। देश के नीति निर्माता समाचार प्रकाशकों और बिग टेक प्लेटफार्मों के बीच संबंधों को लोकतांत्रिक बनाने और डिजिटल समाचार मीडिया की नई चुनौतियों व एआई से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। विश्वसनीय समाचारों को बढ़ावा देने और समाचार उद्योग के विकास और हितों की रक्षा करने की दिशा में मान्यता प्राप्त, इस सम्मेलन का आयोजन डीएनपीए की ओर से नेटवर्क 18 ग्रुप के सहयोग से किया जा रहा है।

डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (DNPA), प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के भारत के शीर्ष 18 प्रकाशकों की डिजिटल इकाइयों का संगठन है। इसमें अमर उजाला, द इंडियन एक्सप्रेस, मलयालम मनोरमा, इनाडु टेलीविजन, दैनिक जागरण, दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, इंडिया टुडे, हिंदुस्तान टाइम्स, जी मीडिया, एबीपी नेटवर्क, लोकमत, टाइम्स ऑफ इंडिया, एनडीटीवी, एक्सप्रेस नेटवर्क, मातृभूमि, द हिंदू, इंडिया टीवी और नेटवर्क 18 शामिल हैं।

डीएनपीए कॉन्क्लेव 2024 के दौरान भारत में डिजिटल मीडिया व्यवसाय पर अर्न्स्ट एंड यंग (Ernst & Young or EY) की एक रिपोर्ट भी जारी की जाएगी। रिपोर्ट का शीर्षक 'भारत में डिजिटल समाचार प्रकाशन का पूर्वावलोकन' (Preview of Digital News Publishing in India) है। रिपोर्ट जारी होने के बाद यह जानने में मदद मिल सकती है कि डिजिटल न्यूज मीडिया किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। ईवाई रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार इसलिए भी हो रहा है, क्योंकि मीडिया जगत में इस बात पर बहस जारी है कि समाचार प्रकाशकों को बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ कैसे तालमेल बिठाना चाहिए।

डीएनपीए कॉन्क्लेव में कई अंतराष्ट्रीय विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। WAN-IFRA के मीडिया नीति और सार्वजनिक मामलों को देखने वाली अग्रणी अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ एलेना पेरोटी भी डीएनपीए कॉन्क्लेव में शरीक होंगी।

**बढ़ते कदम** | **सीमेंट निर्माण, बिल्डिंग सोल्यूशन, हाइजीन और रियल एस्टेट में बढाए कदम...**

# राष्ट्र निर्माण को समर्पित है कानोड़िआ ग्रुप: विशाल कानोड़िआ

KANODIA G GROUP

गौतमबुद्ध नगर, लोकसत्य

सीमेंट निर्माण, बिल्डिंग सलूशन और हाइजीन के क्षेत्र में देश का एक बहुआयामी औद्योगिक समूह है कानोड़िआ ग्रुप। समूह की स्थापना विशाल कानोड़िआ और गौतम कानोड़िआ के द्वारा वर्ष 2009 में की गई। समूह की फ्लैगशिप कंपनी कनोडिआ सीमेंट अपने पांच प्लांटों के साथ लगभग पांच मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता से युक्त है। सीमेंट के तीन प्लांट बुलंदशहर जिले की सिकन्द्राबाद में स्थित है। एक सीमेंट प्लांट अमेठी में है, जबकि एक सीमेंट प्लांट बिहार के कैमूर जिले के भभुआ में स्थापित है।



विशाल कानोड़िआ और गौतम कानोड़िआ

## 'ग्रुप हाइजीन क्षेत्र में कर रहा है काम'

ग्रुप की हाइजीन प्लस प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी है। इसकी फैक्ट्री गौतम बुद्धनगर जिले में स्थिति है। यह प्लांट इंटीग्रेटेड एंड लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से युक्त है। इस प्लांट से रॉ मैटेरियल्स जैसे सप्लुंलेस नॉन वोवन और संपूर्ण ब्रांड मेटेरियल्स के साथ-साथ बेबी वाइप्स, कॉस्मेटिक वाइप्स, सैनेटरी नैपकिन, जैसे अनेक प्रोडक्ट्स उत्पादित किए जाते हैं। कंपनी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के प्रोडक्ट्स के उत्पादन के साथ-साथ अपने हाइजीन प्लस ब्रांड्स के नाम से भी सभी प्रोडक्ट्स उत्पादन एंड मार्केटिंग करती है। वर्ष 2024-25 में कानोड़िआ ग्रुप रियल एस्टेट के क्षेत्र में प्रवेश करने जा रही है। ग्रुप पहले एनसीआर में रेसीडेंशल, कमर्शियल और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की शुरूआत करेगी। फिर देश के अन्य शहरों में वह अपने प्रोजेक्ट लाएगी। ग्रुप का उद्देश्य इस क्षेत्र में ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रोजेक्ट समय से पूर्व हैंडओवर करना है।

कानोड़िआ ग्रुप सीमेंट निर्माण के छेत्र में दो और सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट्स उत्तर प्रदेश में लगाने जा रही है, जिससे दिसंबर 2025 तक सीमेंट उत्पादन होने की सम्भावना है। इसके साथ ही ग्रुप उत्तर प्रदेश में अल्ट्राटेक सीमेंट के बाद सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली कंपनी हो जाएगी। कंपनी द्वारा उत्पादित सीमेंट उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, उत्तराखंड एवं हरियाणा में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

कंपनी अपने ब्रांड बिगसेम सीमेंट और कंक्रीट गोल्ड सीमेंट के नाम से मार्केटिंग करती है। बिल्डिंग सोल्यूशन के क्षेत्र में ग्रुप इजी बिल्ड नाम की कंपनी के माध्यम से मेटवेर्स टेक्नोलॉजी की सहायता से ग्राहक, रिटेलर और ब्रांड्स को एक छत के नीचे लाया है। इजी बिल्ड के माध्यम से ग्राहक घर बैठे ही घर बनाने के सभी वस्तुएं ऑनलाइन आर्डर कर सकते हैं। बिल्डिंग मैटेरियल्स और इलेक्ट्रिकल के अधिकांश ब्रांड्स यहां उपलब्ध हैं। 'ग्रेट इंडिया प्लेस' मॉल में इजी बोल्ड का पहला सेंटर कार्यरत है। जहां हज़ारों लोग प्रतिदिन यहां विजिट कर फायदा उठा रहे हैं।

# हुंडई i20 स्पोर्ट्स का नया वैरिएंट भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हुंडई मोटर कंपनी ने अपनी पॉपुलर हैचबैक i20 का नया स्पोर्टज (ऑप्शनल) वैरिएंट भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है। नया ऑप्शनल वैरिएंट स्पोर्टस ट्रिम पर बेस्ड है, जो सिंगल और डुअल-टोन कलर ऑप्शन के साथ मैनुअल गियरबॉक्स के साथ आएगा। नए वैरिएंट की कीमत 8.73 लाख रुपए रखी गई है। इसकी कीमत स्टैंडर्ड स्पोर्ट्ज ट्रिम से 35,000 रुपए ज्यादा है। i20 अब पांच वैरिएंट में अवेलेबल है। इसमें एरा, मैग्ना, स्पोर्ट्ज, स्पोर्ट्ज (O), एस्टा और एस्टा (O) शामिल है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 7.04 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप एंड वैरिएंट में 11.21 लाख रुपए तक जाती है। सेगमेंट में इसका मुकाबला टाटा अल्ट्रोज, मारुति बलेनो और टोयोटा ग्लांजा से है। कार 6 एयरबैग स्टैंडर्ड और ADAS जैसे एडवांस्ड सेफ्टी फीचर के साथ आती है। हुंडई i20 के नए वैरिएंट में 3 नए फीचर्स दिए गए हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)